प्रेस नोट

दिनांक 03.07.2024

आगामी त्यौहार के दृष्टिगत श्रीमान जिलाधिकारी हमीरपुर व पुलिस अधीक्षक हमीरपुर की अध्यक्षता मे मीटिंग संपन्न।

आज दिनाँक 03.07.2024 को श्रीमान जिलाधिकारी हमीरपुर व पुलिस अधीक्षक हमीरपुर की अध्यक्षता मे एपीजे अब्दुल कलाम सभागार परिसर कलेक्ट्रेट हमीरपुर में आगामी त्यौहार मुहर्रम के दृष्टिगत क्षेत्र के धर्मगुरुओं एवं मौलवी व सभ्रान्त व्यक्तियों के साथ मीटिंग की गयी। मीटिंग में उपरोक्त त्यौहारो में आने वाली समस्याओं एवं पूर्व के विवादों के सम्बन्ध में विस्तृत चार्चा की गयी तथा समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। क्षेत्र के धर्मगुरुओं एवं मौलवी व सभ्रान्त व्यक्तियों से आग्रह किया गया कि यदि कोई अराजकतत्व त्यौहार को सकुशल सम्पन्न होने से प्रभावित करता है तो उस व्यक्ति या अराजकतत्व के बारे सूचना पुलिस को दें ताकी त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने के साथ-साथ उस व्यक्ति या अराजकतत्व के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जा सके। शासन द्वारा त्यौहार के सम्बन्ध में निर्गत गाइड लाइन एवं निर्देशों के सम्बन्ध में भली भांति अवगत कराते हुये त्यौहारो पर शान्ति व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने की अपील की गयी।

इस मौके पर संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।